CMYK
Website : www.highwaychannel.in
छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार
# हाईवे चैनल
वर्ष- 29 अंक- 30 रायपुर, शनिवार 21 फरवरी 2026 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## तेज रफ्तार कार पोल से टकराई 3 युवकों की मौत, एक गंभीर



- राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर आरंग पारागांव के पास हादसा
- रिश्तेदार को छोड़कर लौट रहे थे युवक

**आरंग,** 21 फरवरी (हाईवे चैनल)। राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर स्थित पारागांव के पास बीती रात रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज गति से दौड़ रही एक टाटा विस्टा (सीजी 04 एचडी 2156) अनियंत्रित होकर पहले डिवाइडर से टकराई और फिर सड़क किनारे लगे पोल से जा भिड़ी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कार में सवार चारों युवक महासमुंद अपने एक रिश्तेदार को छोड़ने गए थे। वापसी के दौरान पारागांव के समीप चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। तेज रफ्तार के कारण कार सीधे डिवाइडर से टकराई और उछलकर पोल से जा भिड़ी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। हादसे में हर्ष कुमार देवांगन (21 वर्ष) पिता जमुना प्रसाद, निवासी सरागांव थाना छुरा, हाल पता परमेश्वरी फोटो स्टूडियो आरंग, राहुल देवांगन (20 वर्ष) पिता जमुना प्रसाद, निवासी सरागांव थाना छुरा, हाल पता परमेश्वरी फोटो स्टूडियो आरंग, थानू सतनामी (22 वर्ष) निवासी ओड़का, आरंग की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं मिथलेश धीवर (23 वर्ष) पिता संतराम धीवर, निवासी ब्लॉक कॉलोनी आरंग गंभीर रूप से घायल है। उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। हादसे का शिकार हुए सभी युवक कम उम्र के थे, जिससे क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग अस्पताल और घटनास्थल पर पहुंच गए। आरंग थाना प्रभारी हरीश साहू ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। क्षतिग्रस्त वाहन को हाईवे से हटाकर यातायात बहाल कर दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## 62 वर्ष के हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, पीएम मोदी, अमित शाह और राज्यपाल डेका ने दी शुभकामनाएं



**रायपुर,** 21 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज अपना 62वां जन्मदिवस मना रहे हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रामेन डेका सहित अनेक वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर नेताओं ने उनके दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए राज्य के विकास में उनके नेतृत्व की सराहना की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जन्म 21 फरवरी 1964 को जशपुर जिले के कांसाबेल तहसील स्थित ग्राम बगिया में हुआ। उनके पिता स्वर्गीय राम प्रसाद साय और माता जसमनी देवी हैं। 27 मई 1991 को उनका विवाह कौशल्या साय से हुआ। उनके एक पुत्र और दो बेटियां हैं। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा लोयोला उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कुनकुरी से हायर सेकेंडरी तक पूरी की। आदिवासी पृष्ठभूमि से आने वाले विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ के पहले आदिवासी मुख्यमंत्री हैं। वे एक मध्यमवर्गीय कृषक परिवार से संबंध रखते हैं। सामाजिक सरोकारों और संगठनात्मक कार्यों से जुड़कर उन्होंने राजनीति में कदम रखा और लंबा सार्वजनिक जीवन जिया।

## सुरक्षा बलों ने गढ़चिरौली में 44 नक्सली स्मारक किया ध्वस्त



**जगदलपुर,** 21 फरवरी (हाईवे चैनल)। नक्सलवाद की जड़ों पर निर्णायक प्रहार करते हुए छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर के गढ़चिरौली में सुरक्षा बलों ने बड़ी कार्रवाई की है। संयुक्त अभियान में सी-60, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और जिला पुलिस ने मिलकर नक्सलियों से जुड़े 44 स्मारकों को ध्वस्त किया। ये स्मारक वर्षों से नक्सली प्रभाव और प्रचार के प्रतीक माने जा रहे थे।

कार्रवाई का उद्देश्य नक्सलवाद के महिमामंडन पर रोक लगाना और स्थानीय युवाओं को गुमराह होने से बचाना है। अधिकारियों के मुताबिक अभियान पूरी तरह योजनाबद्ध और क्षेत्रीय सुरक्षा आकलन के बाद अंजाम दिया गया। बलों की इस कार्रवाई से इलाके में सुरक्षा का संदेश और प्रशासनिक पकड़ मजबूत हुई है। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में नक्सल विरोधी अभियान लगातार तेज किए जा रहे हैं, ताकि शांति और विकास का रास्ता साफ हो सके।

### ब्रेकिंग न्यूज

## बजट सत्र में आ सकता है धर्मांतरण विधेयक : शर्मा



**रायपुर,** 21 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में प्रस्तावित धर्मांतरण विधेयक को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने संकेत दिया है कि इसे आगामी बजट सत्र में प्रस्तुत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 24 फरवरी को विधानसभा में बजट पेश होना है और उसकी सभी तैयारियां जारी हैं। धर्मांतरण संबंधी विधेयक पर भी चर्चा चल रही है और संभव है कि यह सत्र में लाया जाए।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार इस विषय पर गंभीरता से विचार कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विधेयक को लेकर आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं और समय आने पर निर्णय लिया जाएगा।

## 10वीं बोर्ड की परीक्षा शुरू, परीक्षार्थियों ने हल किया हिंदी का पहला पर्चा



**धमतरी,** 21 फरवरी (हाईवे चैनल)। छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बोर्ड परीक्षाएं प्रारंभ की गई है। जिसके तहत कल 12वीं बोर्ड की परीक्षा शुरु हुई वहीं आज से दसवीं बोर्ड की परीक्षा प्रारंभ हुआ। आज पहला पर्चा के रुप में परीक्षार्थियों ने हिन्दी विषय की परीक्षा दी। सरल पर्चा देखकर परीक्षार्थियों के चेहरे खिल उठे। यह परीक्षा 85 केन्द्रो में आयोजित की गई। जिसमें 10 हजार 441 छात्र-छात्राएं की बैठक व्यवस्था की गई थी। अब 24 फरवरी को अंग्रेजी, 26 को सामाजिक विज्ञान, 28 को विज्ञान की परीक्षा 10वीं के परीक्षार्थी देंगें। वहीं 6 मार्च को गणित एवं 9 को संस्कृत के पर्चा हल करेंगें।

## पर्यटन स्थल में भीषण आग से मचा हड़कंप, कई दुकानें जलकर राख



**अंबिकापुर,** 21 फरवरी (हाईवे चैनल)। मैनपाट के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल टाइगर पॉइंट में बीते शुक्रवार की देर रात भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। घटना रात करीब 12 बजे की बताई जा रही है। आग ने देखते ही देखते आसपास बनी झोपड़ीनुमा दर्जनों दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया और कुछ ही देर में अधिकांश दुकानें जलकर राख हो गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आग की लपटें इतनी तेज थीं कि स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। आसपास मौजूद लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की और तत्काल प्रशासन को सूचना दी। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि आग लगने के कारणों का अब तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट या अन्य कारणों की आशंका जताई जा रही है, लेकिन आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दुकानें जलती हुई दिख रही हैं।

गौरतलब है कि इस आगजनी की घटना से छोटे व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। प्रभावित दुकानदारों ने प्रशासन से सहायता और मुआवजे की मांग की है। घटना के बाद क्षेत्र में जांच शुरू कर दी गई है।

### बिरादरी की बातें




**चूहा- सुनती हो, डोनाल्ड ट्रंप का टैरिफ सुप्रीम कोर्ट ने अवैध बता दिया है।**
**चुहिया- हां जी, फिर मोदी जी को भारत का दिया पैसा वापस मांगना चाहिए।**

## 8वां वेतन लागू होते 58500 रुपए हो जाएगी चपरासी की सैलरी!



**सरकारी कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले**
**25 फरवरी को होगी निर्णायक बैठक**

**नई दिल्ली,** 21 फरवरी (न्यूज चैनल)। केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए साल 2026 उम्मीदों का पिटारा लेकर आया है। जहां एक ओर होली की खुशियां नजदीक हैं, वहीं दूसरी ओर 8वें वेतन आयोग को लेकर सरकारी गलियारों में हलचल तेज हो गई है। सबसे ज्यादा चर्चा फिटमेंट फैक्टर को लेकर है, जो तय करेगा कि आपकी जेब में आने वाली सैलरी में कितना बड़ा उछाल आएगा।

आगामी 25 फरवरी, 2026 को नई दिल्ली में एक निर्णायक बैठक होने जा रही है। नेशनल काउंसिल की ड्राफ्टिंग कमेटी इस दिन एक संयुक्त मेमोरेंडम तैयार करेगी। इस दस्तावेज़ में कर्मचारियों और पेंशनभोगियों की सभी मांगों को संकलित कर वेतन आयोग को सौंपा जाएगा। माना जा रहा है कि इस बैठक के बाद सरकार के रुख में और स्पष्टता आएगी। यह सौगात सिर्फ मौजूदा कर्मचारियों तक सीमित नहीं है। फिटमेंट फैक्टर में होने वाली किसी भी बढ़ोतरी का सीधा लाभ पेंशनभोगियों को भी मिलेगा। अगर फिटमेंट फैक्टर 3.0 के पार जाता है, तो बुजुर्गों की मासिक पेंशन में भी सम्मानजनक वृद्धि देखने को मिलेगी।

## मिर्ज़ा एजाज़ बेग, छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष चुने गये



**रायपुर,** 21 फरवरी (हाईवे चैनल)। छ.ग. राज्य हज कमेटी के सदस्य मिर्ज़ा एजाज बेग को छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी का अध्यक्ष चुना गया है। इस संबंध में छ.ग. शासन पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर द्वारा आज अधिसूचना जारी की गई है।हज कमेटी अधिनियम 2002 की धारा 21 की उपधारा (1) में निहित प्रावधान अनुसार छ.ग. राज्य हज कमेटी के नामांकित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मती से हज कमेटी के अध्यक्ष पद पर मिर्ज़ा एजाज बेग का चुनाव किया गया। उसके पश्चात राज्य शासन द्वारा अधिूसचना जारी कर उन्हे अध्यक्ष घोषित किया गया है। हज कमेटी में मिर्ज़ा एजाज बेग को अध्यक्ष बनाये जाने से मुस्लिम समाज में उत्साह और हर्ष का माहौल है। आज जुमा नमाज के पश्चात हजरत गरीब नवाज़ मस्जिद संजय नगर के मुतवल्ली मोहम्मद अली एवं मस्जिद कमेटी के मेम्बरान एवं मुस्लिम समाज के लोगो ने गर्मजोशी से बेग का स्वागत किया। मिर्ज़ा एजाज बेग ने प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय विष्णुदेव साय जी, मान. मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल जी एवं पार्टी के समस्त वरिष्ठजनो का आभार व्यक्त किया है।

## बिलासपुर एयरपोर्ट पर पहली बार नाइट लैंडिंग की सफल टेस्टिंग



**खराब मौसम और रात में भी अब उड़ानें संभव**

**बिलासपुर,** 21 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में बिलासा एयरपोर्ट के विस्तार की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है. पहली बार एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग का सफल परीक्षण किया गया. छत्तीसगढ़ शासन के स्टेट प्लेन से लैंडिंग की टेस्टिंग की गई, जिसमें रनवे लाइटिंग सिस्टम, एप्रोच लाइट्स और एयर ट्रैफिक कॉर्डिनेशन सहित सभी तकनीकी पहलुओं की बारीकी से जांच की गई. ट्रायल के दौरान सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं, जिससे भविष्य में नियमित नाइट ऑपरेशन का रास्ता साफ हो गया है. अब किसी भी मौसम और कम विजिबिलिटी की स्थिति में बिलासा एयरपोर्ट पर फ्लाइट ऑपरेशन संभव हो सकेंगे. नाइट लैंडिंग सुविधा शुरू होने से यात्रियों को अधिक फ्लाइट विकल्प मिलेंगे और क्षेत्र की कनेक्टिविटी में भी विस्तार होगा. ट्रायल ऑपरेशन के दौरान एयरपोर्ट डायरेक्टर, क्षेत्रीय निदेशक नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो, रायपुर सहित एयरपोर्ट के अन्य अधिकारी और तकनीकी टीम मौजूद रही. अब जल्द ही फ्लाइट्स की संख्या बढ़ने की उम्मीद है.बिलासा एयरपोर्ट में हवाई सेवा से जुड़ी जनहित याचिकाओं पर शुक्रवार को सुनवाई हुई. दोनों पक्षों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने निर्देश दिए कि एयरपोर्ट में नाइट लैंडिंग सहित जो भी कार्य शुरू किए जा रहे हैं, उनकी जानकारी दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करें. कोर्ट ने अगली सुनवाई 25 फरवरी को रखी है. बता दें कि हाल ही में एयरपोर्ट को VFR से IFR में अपग्रेड किया गया था, जिसका आज सफल ट्रायल किया गया. नाइट लैंडिंग की सफलता से क्षेत्र में हवाई सेवाओं के विस्तार और यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलने की उम्मीद और मजबूत हो गई है.






CMYK